of 34 adults and all children of the personnel attached to our Embassy in Peking were evacuated to Canton. Three adults and two children were evacuated to Hong Kong. Seventeen adults, including our Ambassador, stayed on in Peking.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

मध्य प्रदेश में प्रबन्ध में कर्मचारियों की भागीदारी योजना आरम्भ करना

1656. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में किन-किन कपड़ा तथा अन्य उद्योगों में प्रबन्ध में कर्मचारियों की भागीदारी योजना आरम्भ की गई है और प्रत्येक राज्य में यह भागीदारी प्रणाली कब से आरम्भ की गई है; और

(ख) किन-किन क्षेत्रों में कर्मचारियों को प्रबन्ध में भाग लेने की अनुमति दी गई है और कर्मचारियों का किस-किस प्रकार के लाभ और हानि में भी हिस्सा रहेगा ?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बाल-गोविन्द वर्मा) : (क) और (ख). सूचना मध्य प्रदेश सरकार से एकत्र की जा रही है और सदन की मेज पर रख दी जायगी ।

'भास्कर' और 'जनबोध' के मालिकों द्वारा जमा कराई गई और उनकी और बकाया की राशि भविष्य निधि

1657. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ग्वालियर, झांसी, भोपाल, उज्जैन से प्रकाशित होने वाले दैनिक 'भास्कर' और सहडोल से प्रकाशित होने वाले 'जनबोध' के मालिकों द्वारा वर्ष 1973 से मार्च, 1976 तक, वर्षवार, भविष्य निधि की कितनी धनराशि जमा कराई गई है और कितनी धनराशि बकाया है, और

(ख) यदि हां, तो उसे ठीक समय पर जमा न कराने के लिए सरकार ने उनके विरुद्ध अब तक क्या कार्यवाही की है ?

श्रम मंत्रालय में उप मंत्री (श्री बाल-गोविन्द वर्मा) : (क) और (ख). भविष्य निधि प्राधिकारियों ने निम्न प्रकार सूचित किया है :—

"डेली भास्कर" भोपाल को उज्जैन और झांसी स्थित उसकी शाखाओं के साथ 1-3-1965 से कर्मचारी भविष्य निधि और विविध उपबन्ध अधिनियम, 1952 लाया गया था जिसमें इसकी शाखाओं को एक एक के रूप में माना गया था । मैंने अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत गैर-अनुपालन के लिए एक अभियोजन दायर किया था । तथापि प्रतिष्ठान के अधिनियम की प्रयोज्यता को चुनौती दी । इस समय भविष्य निधि प्राधिकारियों की एक अपील उच्च न्यायालय, जबलपुर के समक्ष लम्बित है । चूंकि यह मामला न्यायाधीन है, इसलिए 1973-76 के वर्षों के दौरान भविष्य निधि की बकाया राशियों को जमा करने या जमा न करने का प्रश्न नहीं उठता । 'जन-बोध' सहडोल को केवल 1-7-1976 से अधिनियम, के अन्तर्गत लाया गया है । 1973 से मार्च, 1976 के दौरान शेष राशियों/वसूलियों के ब्यौरों का प्रश्न नहीं उठता ।

मध्य प्रदेश के लिए टेलीफोन डायरेक्टरी का हिन्दी प्रकाशन निकालना

1658. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश में टेलीफ़ोन डायरेक्टरी का हिन्दी प्रकाशन गत कई